# नवनीत फिर सात दिन ईओडब्ल्यू की रिमांड पर

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया • रायपुर:** 570 करोड़ रुपये से अधिक के कोयला घोटाले मामले में ईओडब्ल्यू की गिरफ्त में आए नवनीत तिवारी की एक दिन की रिमांड खत्म होने पर सोमवार को विशेष कोर्ट में पेश किया गया। ईओडब्ल्यू-एसीबी ने नवनीत तिवारी की फिर से रिमांड पर लेने आवेदन पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने सात दिन की रिमांड पर सौंपने का आदेश दिया।घोटाले के किंगपीन व रायपुर जेल में बंद सूर्यकांत तिवारी के रिश्ते के भाई नवनीत तिवारी रायगढ़ में रहकर सूर्यकांत के लिए अवैध लेवी वसूलने का काम करता था।